बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के रीवा आगमन पर भक्तों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला. रीवा पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया. इस दौरान उनके दर्शन और आशीर्वाद पाने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े. रीवा आगमन के दौरान पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री मध्य प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल के निजी निवास पहुंचे.

Source: https://www.mpbreakingnews.in/bhopal/nsui-complaint-vit-university-national-human-rights-commission-issued-notices-ugc-mp-government-11-934701/amp

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने UGC और एमपी सरकार को VIT यूनिवर्सिटी मामले में भेजा नोटिस, NSUI की शिकायत पर एक्शन
Oct 23, 2026 01:09 pm IST
By Atul Saxena
एमपी ब्रेकिंग, भोपाल

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने यह भी उल्लेख किया कि 30 मार्च 2026 और 5 जून 2026 को निर्देश जारी किए जाने के बावजूद विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की ओर से जवाब प्राप्त नहीं हुआ है।

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (NSUI) की शिकायत पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) और मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग को नोटिस जारी किया है, मामला वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (VIT) भोपाल विश्वविद्यालय के नाम और उसके वास्तविक भौगोलिक स्थान सीहोर को लेकर जुड़ा है, आयोग ने चार सप्ताह के भीतर पुनः अतिरिक्त रिपोर्ट एवं कार्रवाई प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा है। रिपोर्ट प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 29 नवंबर 2026 निर्धारित की गई है।

VIT यूनिवर्सिटी मामले में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ द्वारा उठाए गए सवालों पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने सख्त रुख अपनाया है। आयोग ने मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष को फटकार लगाई है। बता दें NSUI के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार द्वारा की गई शिकायत में आरोप लगाया गया है कि VIT भोपाल विश्वविद्यालय अपने नाम में 'भोपाल' शब्द का इस्तेमाल कर विद्यार्थियों और अभिभावकों के मन में विश्वविद्यालय की लोकेशन को लेकर भ्रम पैदा कर रहा है, जबकि उसका मुख्य परिसर सीहोर जिले के कोठरी कलां में भोपाल-इंदौर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि विश्वविद्यालय के नाम और वास्तविक स्थान के बीच लगभग 100 किलोमीटर का अंतर होने के कारण प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को परेशानी होती है और वे खुद को ठगा हुआ महसूस करते हैं।

आयोग ने सरकार की रिपोर्ट में उठाये सवाल
शिकायत पर गौर करने के बाद आयोग ने कहा कि VIT भोपाल विश्वविद्यालय का नाम राज्य विधानमंडल द्वारा निर्धारित किया गया है और इसकी स्थापना मध्य प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम, 2007 के अंतर्गत हुई है। आयोग ने दस्तावेजों को देखने के बाद कहा कि विश्वविद्यालय के वैधानिक नाम और उसके वास्तविक स्थान के बीच लगभग 100 किलोमीटर की दूरी है। नोटिस में आयोग ने यह भी सवाल उठाया कि विश्वविद्यालय अपने प्रॉस्पेक्टस, आधिकारिक वेबसाइट और विज्ञापनों में अपनी लोकेशन का उल्लेख किस प्रकार करता है। इस पहलू की जांच किए बिना केवल यह कहना पर्याप्त नहीं है कि विश्वविद्यालय का नाम कानून के तहत निर्धारित किया गया है।

अवैध क्लिनिक और परिसर में अशांति के आरोप
NSUI प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार की शिकायत में विश्वविद्यालय परिसर में कथित अनधिकृत क्लिनिक के संचालन और पूर्व में परिसर में अशांति की घटनाओं का भी मुद्दा उठाया गया था। आयोग ने कहा कि राज्य सरकार की रिपोर्ट में इन आरोपों की जांच किए जाने का कोई उल्लेख नहीं है। आयोग के निर्देशों के अनुसार, अब राज्य सरकार को अतिरिक्त रिपोर्ट में इन सवालों पर स्थिति स्पष्ट करनी होगी।

राजपत्र की तारीख में अंतर पर माँगा स्पष्टीकरण
मानवाधिकार आयोग ने राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में एक अन्य महत्वपूर्ण विसंगति की ओर भी ध्यान आकर्षित किया। विभागीय पत्र में 24 अगस्त 2017 की राजपत्र अधिसूचना का उल्लेख किया गया था, जबकि संलग्न दस्तावेज 13 जून 2017 का मध्य प्रदेश असाधारण राजपत्र था, जिसमें वर्ष 2007 के अधिनियम की अनुसूची में संशोधन से संबंधित विवरण शामिल है। आयोग ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि वह दोनों दस्तावेजों के बीच संबंध स्पष्ट करे तथा यह भी बताए कि 24 अगस्त 2017 की अधिसूचना में क्या उल्लेख है।

UGC की भूमिका पर आयोग ने की टिप्पणी
राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने यह भी उल्लेख किया कि 30 मार्च 2026 और 5 जून 2026 को निर्देश जारी किए जाने के बावजूद विश्वविद्यालय अनुदान

आयोग की ओर से जवाब प्राप्त नहीं हुआ है। आयोग ने कहा कि [विश्वविद्यालयों के नामकरण और मानकों को तय करने] में UGC की महत्वपूर्ण भूमिका है। आयोग ने UGC के अध्यक्ष को कथित भ्रामक नामकरण के संबंध में की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन चार सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है वहीं, मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव को भी मामले में अतिरिक्त रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

NSUI ने की ये मांग

NSUI प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने मांग की है कि विश्वविद्यालय के नाम और वास्तविक लोकेशन के संबंध में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को स्पष्ट, सटीक और भ्रामकता से मुक्त जानकारी उपलब्ध कराई जाए। विश्वविद्यालय के प्रॉस्पेक्टस, वेबसाइट और विज्ञापनों की निष्पक्ष जांच की जाए तथा शिकायत में उठाए गए सभी बिंदुओं पर जिम्मेदारी तय की जाए। संगठन ने यह भी मांग की है कि परिसर में कथित अनधिकृत क्लिनिक के संचालन और अशांति से संबंधित शिकायतों की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा दोष पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

जवाब देने की अंतिम तारीख 29 नवंबर

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने संबंधित अतिरिक्त एवं पूर्ण प्रतिवेदन 29 नवंबर 2026 तक प्रस्तुत करने को कहा है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि मध्य प्रदेश शासन और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग शिकायत में उठाए गए सवालों पर क्या तथ्य प्रस्तुत करते हैं और कथित अनियमितताओं की जांच के लिए क्या कदम उठाते हैं। NSUI ने उम्मीद जताई है कि आयोग के हस्तक्षेप से विद्यार्थियों के हितों की रक्षा, प्रवेश प्रक्रिया में पारदर्शिता और विश्वविद्यालयों की जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस कार्रवाई होगी।

Source: https://breakingtube.com/nhrc-issues-notice-regarding-digvijaya-singhs-padyatra-foot-march-seeks-response-over-complaints-of-children-being-made-to-chant-slogans/

दिग्विजय सिंह की पदयात्रा पर NHRC का नोटिस, बच्चों से नारे लगवाने की शिकायत पर मांगा जवाब
By Editor -23/10/2026

भोपाल। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की यात्रा में बच्चों को शामिल करने और उनसे राजनीतिक नारे लगवाने के आरोपों पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) ने संज्ञान लिया है। आयोग ने मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (DGP) को नोटिस जारी कर मामले की जांच कराने और दो सप्ताह के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट (ATR) प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

आयोग के 22 अक्टूबर 2026 के पत्र के अनुसार, शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि दिग्विजय सिंह की यात्रा में बच्चों से राजनीतिक नारे लगवाए गए। इस कथित घटना के वीडियो और तस्वीरें 22 अक्टूबर को फेसबुक पर साझा किए जाने का भी उल्लेख शिकायत में किया गया है। शिकायतकर्ता ने आशंका जताई है कि बच्चों को यात्रा में लाने के लिए पैसे दिए गए होंगे। उसने मामले की जांच कर आयोजकों और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

बाल अधिकारों के उल्लंघन के आरोपों की जांच होगी

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो की अध्यक्षता वाली पीठ ने संरक्षण मानवाधिकार अधिनियम, 1993 की धारा 12 के तहत मामले का संज्ञान लिया है। आयोग ने शिकायत में लगाए गए आरोपों को प्रथम दृष्टया बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन प्रतीत होने वाला बताया है।

आयोग ने मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव और डीजीपी को निर्देश दिए हैं कि शिकायत में लगाए गए आरोपों की जांच कराई जाए। जांच में यह भी पता लगाया जाएगा कि क्या बच्चों को पैसे देकर यात्रा में शामिल किया गया था या किसी तरह से उनका इस्तेमाल किया गया। इसके साथ ही लागू बाल संरक्षण कानूनों के संभावित उल्लंघन की भी जांच करने को कहा गया है।

इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को भी नोटिस। आयोग ने केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव को भी निर्देश दिए हैं कि कथित घटना से जुड़े बच्चों के वीडियो और तस्वीरों के इस्तेमाल के मामले को देखें और अपनी कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

आयोग ने सभी संबंधित अधिकारियों से पत्र प्राप्त होने के दो सप्ताह के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है। फिलहाल आयोग के पत्र में आरोपों की जांच के निर्देश दिए गए हैं। शिकायत में लगाए गए आरोपों की पुष्टि या किसी की जिम्मेदारी तय होने का उल्लेख नहीं है।

'दुर्योधन को सिंहासन दिलाने पदयात्रा कर रहा धृतराष्ट्र'-विधायक

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह की 'सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा' को लेकर गुना से भाजपा विधायक पन्नालाल शाक्य ने प्रतिक्रिया दी है। शाक्य ने तंज कसते हुए सिंह को 'धृतराष्ट्र' की संज्ञा दी और कहा कि वह अपने 'दुर्योधन' को सत्ता के सिंहासन तक पहुंचाने के लिए यह पदयात्रा कर रहे हैं।

सनातन के प्रतीकों से आपत्ति क्यों?

विधायक शाक्य ने गुरुवार को अपने कार्यालय में प्रेस कान्फ्रेंस कर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की पदयात्रा पर निशाना साधा। शाक्य ने महाकाल दर्शन के दौरान दिग्विजय द्वारा गमछा लौटाने की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि यदि सनातन प्रतीकों से इतनी ही आपत्ति है, तो यात्रा महाकाल के बजाए जावरा या अजमेर से शुरू करनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि जब महाकाल से यात्रा शुरू कर रहे हो, तो उनके प्रसाद का अपमान मत करो। सनातन हो, हिन्दुपथ की संतान हो, तो हिंदुत्व के चिन्हों को जीवित रहने दो।

वोट चोरी के आरोप पर पलटवार

कांग्रेस द्वारा लगाए जा रहे वोट चोरी के आरोपों पर पलटवार करते हुए विधायक शाक्य ने कहा कि यदि थोड़ी भी शालीनता हो, तो इतिहास देखें। उन्होंने कहा कि जब नीतीश भारद्वाज, प्यारेलाल खंडेलवाल और कैलाश जोशी चुनाव लड़े थे, क्या उस समय वोट चोरी नहीं हुई थी। वोट चोरी तो आपके जमाने से ही चली आ रही है। आज वे लोग उनके पक्ष में माहौल बना रहे हैं, जो विदेशियों के हाथों में खेल रहे हैं।

दिग्विजय सिंह की उम्र पर तंज कसते हुए भाजपा विधायक ने कहा कि 85 साल की उम्र हो गई है, अब अपने अनुचर को उसकी खुद की क्षमता पर छोड़ देना चाहिए। उसमें खुद कितनी क्षमता या योग्यता है, वह अपने आप बन जाएगा। उसे अभी भी अंगुली पकड़कर चलना सिखाने की क्या जरूरत है।

‘अभी तो 10-12 साल हुए, इतने में बौखला गए’

रिजीम चेंज (सत्ता पलट) के सवाल पर विधायक शाक्य ने हंसते हुए कहा कि हिंदुस्तान में तो सत्ता जब पलटी है, जब कोई घर के भेदी ने भेद दिया है। आज जो स्थिति बनती जा रही है, वैसी तो कोई विशेष बात नहीं बनी। अभी देखते जाओ, उनका क्या-क्या होने वाला है। अभी तो दो ही अंदर हुए हैं, तीसरा जब अंदर होगा, तब मालूम पड़ेगा। उसने तो बोल दिया ना कि मैं नहीं हूं, मेरे पीछे तो कोई और डायरेक्शन दे रहा है। लेकिन ऐसे लोगों का हमें समर्थन नहीं करना चाहिए। शाक्य ने कहा कि अभी तो 10-12 साल ही हुए हैं, इतने में ही बौखला गए। एक हजार वर्ष तक दूसरों के गुलाम रहे, तब नहीं बौखलाए थे।

20 अक्टूबर को उज्जैन से शुरू हुई यात्रा। दिग्विजय सिंह की करीब 950 किलोमीटर की ‘सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा’ 20 अक्टूबर को विजयादशमी के दिन उज्जैन से शुरू हुई थी। यात्रा का लक्ष्य ओरछा स्थित रामराजा सरकार मंदिर होते हुए अयोध्या के श्रीराम मंदिर तक पहुंचना है। यात्रा के घोषित उद्देश्यों में धार्मिक स्थलों पर चंदे और चढ़ावे में पारदर्शिता, कथित अनियमितताओं की जांच तथा वोट चोरी के आरोपों पर जवाबदेही की मांग शामिल है। यात्रा की शुरुआत से पहले उज्जैन में चिंतामण गणेश और महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन-पूजन किया गया था। इसके बाद पार्थिव शिवलिंग पूजन, कन्या भोज और भंडारे के आयोजन के साथ पदयात्रा शुरू हुई। गुरुवार को तराना पहुंची पदयात्रा यात्रा के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 21 अक्टूबर को पदयात्रा उज्जैन से देवास जिले के सिंदुरिया गांव पहुंची। तीसरे दिन, 22 अक्टूबर को सिंदुरिया से तराना तक 15 किलोमीटर की पदयात्रा के बाद तराना में रात्रि विश्राम कर रही है।

Source: https://thesootr.com/state/madhya-pradesh/vit-bhopal-location-dispute-nhrc-report-nsui/amp_articleshow/135140711.html

वीआईटी भोपाल विवाद में NHRC सख्त, राज्य सरकार से 4 सप्ताह में मांगी रिपोर्ट, नाम और परिसर की लोकेशन पर हो रहा विवाद
Manya Jain | Sootr Creatives | Oct 23, 2026, 14:45 IST

वीआईटी भोपाल के नाम को लेकर नया विवाद खड़ा हुआ है। विश्वविद्यालय का नाम भोपाल से जुड़ा है। इसका परिसर सीहोर जिले के कोठरी कलां में स्थित है। एनएसयूआई ने इसी अंतर को लेकर शिकायत की है। संगठन का कहना है कि नाम से छात्रों को भ्रम हो सकता है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने शिकायत पर संज्ञान लिया है। आयोग ने 22 अक्टूबर को राज्य सरकार को निर्देश दिए। सरकार से चार सप्ताह में अतिरिक्त रिपोर्ट मांगी गई है। फिलहाल आयोग ने किसी आरोप पर अंतिम निष्कर्ष नहीं दिया है। रिपोर्ट आने के बाद मामले की स्थिति और स्पष्ट होगी।

एनएसयूआई की शिकायत में क्या आरोप हैं?

एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने विश्वविद्यालय के नाम और वास्तविक लोकेशन पर सवाल उठाए। उनका कहना है कि नाम से भ्रम पैदा हो सकता है। विद्यार्थी इसे भोपाल में स्थित विश्वविद्यालय समझ सकते हैं। अभिभावकों को भी इसकी लोकेशन को लेकर गलतफहमी हो सकती है। विश्वविद्यालय का परिसर भोपाल-इंदौर मार्ग पर बना है। यह जगह सीहोर जिले के कोठरी कलां में आती है। आयोग ने शिकायत के आधार पर सरकार से जवाब मांगा है। अब तक हुई कार्रवाई की जानकारी भी मांगी गई है।

नाम कानून से तय, लेकिन लोकेशन पर सवाल

राज्य सरकार ने आयोग को पहले एक रिपोर्ट भेजी थी। आयोग ने 22 अक्टूबर को इस रिपोर्ट की जांच की। रिपोर्ट में विश्वविद्यालय के नाम से जुड़े दस्तावेज भी शामिल थे। सरकार के मुताबिक विश्वविद्यालय का नाम कानून के तहत तय है। इसलिए नाम को कानूनी रूप से मान्यता मिली हुई है। आयोग का सवाल नाम से ज्यादा लोकेशन की जानकारी पर है। शिकायत में भोपाल से परिसर की दूरी करीब 100 किलोमीटर बताई है। सरकारी जवाब में इस सवाल पर साफ जानकारी नहीं मिली है।

वेबसाइट और विज्ञापनों में लोकेशन कैसे बताई जाती है?

आयोग ने विश्वविद्यालय के प्रचार माध्यमों पर भी सवाल पूछे हैं। इनमें वेबसाइट और विज्ञापन शामिल हैं। प्रवेश से जुड़ा प्रॉस्पेक्टस भी जांच के दायरे में है। आयोग ने पूछा कि परिसर की सही लोकेशन कैसे बताई जाती है। क्या वेबसाइट पर पूरा पता साफ दिखाई देता है? क्या विज्ञापनों में सीहोर जिले का जिक्र होता है? प्रॉस्पेक्टस में विद्यार्थियों को क्या जानकारी दी जाती है? आयोग ने केवल कानूनी नाम बताना पर्याप्त नहीं माना। विद्यार्थियों को वास्तविक लोकेशन की स्पष्ट जानकारी मिलनी चाहिए। अभिभावकों को भी परिसर का सही पता मालूम होना जरूरी है।

उच्च शिक्षा विभाग की रिपोर्ट में क्या कमी?

आयोग ने उच्च शिक्षा विभाग की रिपोर्ट को अधूरा माना है। यूजीसी की रिपोर्ट में भी कुछ आरोपों की जानकारी नहीं मिली है। शिकायत में दो अन्य मुद्दे भी उठाए गए थे। पहला आरोप परिसर में कथित अनधिकृत क्लिनिक से जुड़ा है। दूसरा मुद्दा परिसर में पहले हुई अशांति से संबंधित है। आयोग को इन आरोपों की जांच का पूरा ब्योरा नहीं मिला है। अब आयोग ने सरकार से इन विषयों पर जवाब मांगा है। इन आरोपों की सच्चाई अभी साबित नहीं हुई है।

पहले भी विवादों में रहा कैंपस

वीआईटी भोपाल का परिसर पहले भी अलग-अलग घटनाओं को लेकर चर्चा में रहा है।

जुलाई 2022: हनुमान चालीसा पर जुर्माना

जुलाई 2022 में सात विद्यार्थियों पर पांच-पांच हजार रुपए का जुर्माना लगाने की खबर सामने आई थी। इन छात्रों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया था। रिपोर्ट के मुताबिक, छात्रों ने हॉस्टल की सुविधाओं के विरोध में पाठ किया था। विश्वविद्यालय ने अपने बयान में कहा था कि छात्रों ने शांति के समय तेज आवाज में शोर किया था। इस मामले में राज्य सरकार ने जांच के आदेश दिए थे।

नवंबर 2025: पीलिया के आरोप और प्रदर्शन

नवंबर 2025 में विद्यार्थियों ने परिसर में प्रदर्शन किया था। यह प्रदर्शन 25 और 26 नवंबर को हुआ था। इसमें करीब तीन से चार हजार विद्यार्थी शामिल बताए गए। विद्यार्थियों ने खाने और पानी की गुणवत्ता पर सवाल उठाए। परिसर में पीलिया फैलने का आरोप भी लगाया गया। प्रदर्शन के दौरान कुछ वाहनों में आग लगने की खबर आई। विश्वविद्यालय ने 30 नवंबर तक छुट्टी घोषित कर दी थी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कृष्णा गौर को परिसर भेजा। तत्कालीन रजिस्ट्रार केके नायर ने तीन मौतों के दावे खारिज किए थे।

मार्च 2026: नाम को लेकर पहले भी शिकायत

मार्च 2026 में भी नाम को लेकर शिकायत सामने आई थी। द हितवाद ने 29 मार्च को इसकी रिपोर्ट प्रकाशित की थी। रिपोर्ट के मुताबिक आयोग ने शिकायत पर मामला दर्ज किया था। शिकायत में नाम और वास्तविक लोकेशन का अंतर उठाया गया था। परिसर को भोपाल से करीब 100 किलोमीटर दूर बताया गया। यानी मामला अक्टूबर की कार्रवाई से पहले आयोग तक पहुंच चुका था।

अब आगे क्या होगा?

राज्य सरकार को आयोग के सामने अतिरिक्त रिपोर्ट देनी होगी। इसमें नाम और लोकेशन का अंतर स्पष्ट करना होगा। वेबसाइट और विज्ञापनों की जानकारी भी बतानी होगी। कथित अनधिकृत क्लिनिक पर हुई जांच का ब्योरा देना होगा। पहले हुई घटनाओं पर कार्रवाई भी स्पष्ट करनी होगी। रिपोर्ट जमा करने की अंतिम तारीख 29 नवंबर बताई गई है। सरकार के जवाब के बाद आयोग आगे की कार्रवाई तय करेगा। फिलहाल किसी आरोप को साबित मानना उचित नहीं होगा।

FAQ

- वीआईटी भोपाल मामले में एनएचआरसी ने क्या निर्देश दिए हैं?
राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने राज्य सरकार से चार सप्ताह में अतिरिक्त रिपोर्ट मांगी है, जिसकी अंतिम तारीख 29 नवंबर है। आयोग ने अभी किसी आरोप पर अंतिम निष्कर्ष नहीं दिया है।

- एनएसयूआई की शिकायत में विश्वविद्यालय के नाम को लेकर क्या आपत्ति है?
एनएसयूआई नेता रवि परमार का आरोप है कि विश्वविद्यालय के नाम में 'भोपाल' होने से विद्यार्थियों को परिसर की लोकेशन को लेकर भ्रम हो सकता है, जबकि उसका परिसर सीहोर जिले के कोठरी कलां में स्थित है।

- राज्य सरकार ने वीआईटी भोपाल का नाम कानूनी रूप से कैसे तय किया है?
राज्य सरकार की रिपोर्ट के अनुसार, विश्वविद्यालय का नाम संबंधित कानून के तहत निर्धारित किया गया है, लेकिन आयोग ने नाम और परिसर की वास्तविक लोकेशन के बीच संभावित भ्रम पर स्पष्ट जानकारी मांगी है।

Source: https://www.haribhoomi.com/state-local/madhya-pradesh/news/nhrc-seeks-action-report-vit-bhopal-name-controversy-118875

VIT भोपाल के नाम पर एनएचआरसी सख्त: यूजीसी और सरकार से एक महीने में मांगी कार्रवाई रिपोर्ट

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने वीआईटी भोपाल के नाम और उसके वास्तविक स्थान को लेकर सवाल उठाए हैं। आयोग ने मध्यप्रदेश शासन और UGC की कार्रवाई पर असंतोष जताया। अब दोनों से एक महीने में कार्रवाई रिपोर्ट मांगी गई है।

By: Anoorag Sharma Published: 23 Oct 2026, 03:02 PM IST
Last Updated: 23 Oct 2026, 03:02 PM IST

भोपाल। सीहोर में स्थित वीआईटी (VIT) विश्वविद्यालय के नाम में भोपाल का इस्तेमाल किए जाने के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) ने सख्त रुख अपनाया है। आयोग ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) और मध्यप्रदेश शासन की कार्रवाई पर असंतोष जताते हुए दोनों से एक महीने के भीतर कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने कहा है कि पहले भेजी गई जांच रिपोर्ट में मामले के प्रमुख आरोपों की जांच का उल्लेख नहीं है।

जांच रिपोर्ट को आयोग ने माना भ्रामक
मामले में आयोग ने जांच प्रतिवेदन पर सवाल उठाते हुए उसे भ्रामक माना है। आयोग की आपत्ति विश्वविद्यालय के नाम और उसके वास्तविक भौगोलिक स्थान के बीच अंतर को लेकर है। वीआईटी का परिसर सीहोर में है, जबकि उसके नाम के साथ भोपाल का इस्तेमाल किया जा रहा है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, नाम में दर्ज स्थान और वास्तविक परिसर के बीच करीब 100 किलोमीटर की दूरी है। आयोग ने इस बात पर भी सवाल उठाया है कि विश्वविद्यालय के नाम और वास्तविक स्थान के संबंध में उठाए गए मुद्दे पर स्पष्ट कार्रवाई की जानकारी क्यों नहीं दी गई।

अवैध क्लिनिक और परिसर में अशांति के आरोपों की जांच पर सवाल
मामले में विश्वविद्यालय परिसर में कथित अवैध क्लिनिक और अशांति से जुड़े आरोप भी उठाए गए थे। आयोग के अनुसार, भेजी गई जांच रिपोर्ट में इन आरोपों की जांच किए जाने का उल्लेख नहीं है। ऐसे में रिपोर्ट में मामले के सभी प्रमुख पहलुओं को शामिल नहीं किए जाने पर असंतोष जताया गया है।

UGC से जवाब नहीं मिलने पर भी नाराजगी
आयोग ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को 30 मार्च 2026 और 5 जून 2026 को निर्देश दिए थे। इसके बावजूद उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, UGC की ओर से जवाब नहीं दिया गया। आयोग ने अब मध्यप्रदेश शासन और UGC दोनों से एक महीने के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट (ATR) पेश करने को कहा है। अब संबंधित संस्थाओं को आयोग के निर्देशों के अनुसार अपनी कार्रवाई और जांच से जुड़ी जानकारी प्रस्तुत करनी होगी। मामले में आगे की स्थिति उनकी रिपोर्ट मिलने के बाद स्पष्ट होगी।

Source: https://www.amarujala.com/madhya-pradesh/bhopal/university-in-sehore-but-bhopal-in-its-name-national-human-rights-commission-seeks-response-from-the-gover-2026-10-23

Hindi News › Madhya Pradesh › Bhopal News › University in Sehore, but 'Bhopal' in its name: National Human Rights Commission seeks a response from the gov

यूनिवर्सिटी सीहोर में, नाम में भोपाल: राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने सरकार से मांगा जवाब, 29 नवंबर तक डेडलाइन
न्यूज डेस्क,अमर उजाला, भोपाल Published by: Sandeep Kumar Tiwari Updated Fri, 23 Oct 2026 05:16 PM IST

वीआईटी भोपाल के नाम और सीहोर जिले में स्थित परिसर की लोकेशन को लेकर एनएसयूआई की शिकायत पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने राज्य सरकार से अतिरिक्त रिपोर्ट मांगी है। वेबसाइट, विज्ञापनों और कथित अनधिकृत क्लिनिक सहित अन्य आरोपों पर जानकारी देने के लिए 29 नवंबर तक का समय दिया गया है।

भोपाल नाम से पहचाने जाने वाले वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी) को लेकर उठे सवालों पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने राज्य सरकार से दोबारा जवाब मांगा है। विश्वविद्यालय का परिसर सीहोर जिले के कोठरी कलां में स्थित है। ऐसे में नाम और वास्तविक लोकेशन के बीच अंतर से विद्यार्थियों और अभिभावकों को भ्रम होने की आशंका पर आयोग ने रिपोर्ट में स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। राज्य सरकार को चार सप्ताह के भीतर अतिरिक्त रिपोर्ट और कार्रवाई प्रतिवेदन प्रस्तुत करना होगा। इसके लिए 29 नवंबर की तारीख तय की गई है। मामला राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार की शिकायत से जुड़ा है। उन्होंने विश्वविद्यालय के नाम में भोपाल शब्द के इस्तेमाल पर सवाल उठाए थे। शिकायत में कहा गया कि नाम के कारण विद्यार्थी और अभिभावक परिसर की वास्तविक स्थिति को लेकर गलत धारणा बना सकते हैं। अब आयोग ने राज्य सरकार से इस आशंका पर स्पष्ट जवाब मांगा है।

कानून से मिला नाम, लेकिन विद्यार्थियों के भ्रम पर जवाब अधूरा
राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने 22 अक्टूबर को मामले की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की रिपोर्ट और संबंधित दस्तावेजों पर विचार किया। आयोग ने माना कि वीआईटी भोपाल का नाम मध्य प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम, 2007 के तहत निर्धारित किया गया है। हालांकि, आयोग के सामने सवाल केवल नाम की वैधानिकता का नहीं है। असल मुद्दा यह है कि विश्वविद्यालय के नाम में भोपाल होने के बावजूद उसका परिसर सीहोर जिले में स्थित है, तो क्या इससे दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को स्थान के बारे में भ्रम हो सकता है? आयोग के मुताबिक, राज्य सरकार की ओर से पेश रिपोर्ट में इस पहलू पर स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई।

वेबसाइट और विज्ञापनों में क्या बताया जाता है?
आयोग ने विश्वविद्यालय की प्रचार सामग्री को लेकर भी सवाल उठाए हैं। विश्वविद्यालय के प्रॉस्पेक्टस, आधिकारिक वेबसाइट और विज्ञापनों में परिसर की वास्तविक लोकेशन किस तरह बताई जाती है, इसकी जानकारी मांगी गई है।इस मामले में विश्वविद्यालय के नाम को कानून के तहत तय होना बताना पर्याप्त नहीं माना गया है। आयोग यह जानना चाहता है कि दाखिले से पहले विद्यार्थियों को परिसर के वास्तविक स्थान की स्पष्ट जानकारी मिलती है या नहीं। राज्य सरकार को अब इस संबंध में तथ्यात्मक जानकारी देनी होगी।

क्लिनिक और अशांति के आरोपों पर भी मांगी जानकारी
शिकायत में विश्वविद्यालय परिसर में कथित अनधिकृत क्लिनिक के संचालन और पूर्व में अशांति की घटनाओं से जुड़े आरोप भी शामिल हैं। आयोग ने गौर किया कि राज्य सरकार की रिपोर्ट में इन आरोपों की जांच के संबंध में जानकारी नहीं दी गई है। अब अतिरिक्त रिपोर्ट में इन पहलुओं पर की गई कार्रवाई और जांच की स्थिति भी स्पष्ट करनी होगी। हालांकि, आयोग की इस कार्रवाई को विश्वविद्यालय के खिलाफ आरोपों की पुष्टि या किसी अंतिम दोष निर्धारण के रूप में नहीं देखा जा सकता।मामले में अगला महत्वपूर्ण पड़ाव 29 नवंबर है। राज्य सरकार की नई रिपोर्ट से स्पष्ट होगा कि विश्वविद्यालय के नाम,

वास्तविक लोकेशन और विद्यार्थियों को दी जाने वाली जानकारी के संबंध में क्या तथ्य सामने आते हैं और शिकायत के अन्य बिंदुओं पर क्या कार्रवाई की गई है।

Source: https://www.agniban.com/university-in-sehore-bhopal-in-its-name-national-human-rights-commission-seeks-response-from-government/

यूनिवर्सिटी सीहोर में, नाम में भोपाल: राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने सरकार से मांगा जवाब
October 23, 2026 Digvijay

भोपाल। भोपाल नाम से पहचाने जाने वाले वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी को लेकर उठे सवालों पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने राज्य सरकार से दोबारा जवाब मांगा है। विश्वविद्यालय का परिसर सीहोर जिले के कोठरी कलां में स्थित है। ऐसे में नाम और वास्तविक लोकेशन के बीच अंतर से विद्यार्थियों और अभिभावकों को भ्रम होने की आशंका पर आयोग ने रिपोर्ट में स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। राज्य सरकार को चार सप्ताह के भीतर अतिरिक्त रिपोर्ट और कार्रवाई प्रतिवेदन प्रस्तुत करना होगा। इसके लिए 29 नवंबर की तारीख तय की गई है। मामला राष्ट्रीय छात्र संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार की शिकायत से जुड़ा है। उन्होंने विश्वविद्यालय के नाम में भोपाल शब्द के इस्तेमाल पर सवाल उठाए थे। शिकायत में कहा गया कि नाम के कारण विद्यार्थी और अभिभावक परिसर की वास्तविक स्थिति को लेकर गलत धारणा बना सकते हैं। अब आयोग ने राज्य सरकार से इस आशंका पर स्पष्ट जवाब मांगा है।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने 22 अक्टूबर को मामले की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की रिपोर्ट और संबंधित दस्तावेजों पर विचार किया। आयोग ने माना कि वीआईटी भोपाल का नाम मध्य प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम, 2007 के तहत निर्धारित किया गया है। हालांकि, आयोग के सामने सवाल केवल नाम की वैधानिकता का नहीं है। असल मुद्दा यह है कि विश्वविद्यालय के नाम में भोपाल होने के बावजूद उसका परिसर सीहोर जिले में स्थित है, तो क्या इससे दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को स्थान के बारे में भ्रम हो सकता है? आयोग के मुताबिक, राज्य सरकार की ओर से पेश रिपोर्ट में इस पहलू पर स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई।

आयोग ने विश्वविद्यालय की प्रचार सामग्री को लेकर भी सवाल उठाए हैं। विश्वविद्यालय के प्रॉस्पेक्टस, आधिकारिक वेबसाइट और विज्ञापनों में परिसर की वास्तविक लोकेशन किस तरह बताई जाती है, इसकी जानकारी मांगी गई है। इस मामले में विश्वविद्यालय के नाम को कानून के तहत तय होना बताना पर्याप्त नहीं माना गया है। आयोग यह जानना चाहता है कि दाखिले से पहले विद्यार्थियों को परिसर के वास्तविक स्थान की स्पष्ट जानकारी मिलती है या नहीं। राज्य सरकार को अब इस संबंध में तथ्यात्मक जानकारी देनी होगी।

शिकायत में विश्वविद्यालय परिसर में कथित अनधिकृत क्लिनिक के संचालन और पूर्व में अशांति की घटनाओं से जुड़े आरोप भी शामिल हैं। आयोग ने गौर किया कि राज्य सरकार की रिपोर्ट में इन आरोपों की जांच के संबंध में जानकारी नहीं दी गई है। अब अतिरिक्त रिपोर्ट में इन पहलुओं पर की गई कार्रवाई और जांच की स्थिति भी स्पष्ट करनी होगी। हालांकि, आयोग की इस कार्रवाई को विश्वविद्यालय के खिलाफ आरोपों की पुष्टि या किसी अंतिम दोष निर्धारण के रूप में नहीं देखा जा सकता।

मामले में अगला महत्वपूर्ण पड़ाव 29 नवंबर है। राज्य सरकार की नई रिपोर्ट से स्पष्ट होगा कि विश्वविद्यालय के नाम, वास्तविक लोकेशन और विद्यार्थियों को दी जाने वाली जानकारी के संबंध में क्या तथ्य सामने आते हैं और शिकायत के अन्य बिंदुओं पर क्या कार्रवाई की गई है।

Source: https://www.livehindustan.com/uttar-pradesh/lucknow/story-nhrc-seeks-report-from-lucknow-dm-in-thakurganj-hospital-dead-patient-treatment-case-201792765210093.html

Lucknow News: मौत के बाद शव के इलाज पर मानवाधिकार आयोग सख्त, डीएम तलब
Oct 23, 2026 07:50 pm IST
By Hindustan | Bureau हिन्दुस्तान , लखनऊ

Lucknow News: - मरीज की मौत के दो साल बाद परिजनों को इंसाफ की उम्मीद जगी -

Lucknow News: मरीज की मौत के दो साल बाद परिजनों को इंसाफ की उम्मीद जगी। ठाकुरगंज के निजी अस्पताल में मरीज की मौत के लगभग दो साल बाद शव के इलाज का मामला राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग पहुंच गया है। पांच लाख रुपये की वसूली की शिकायत का आयोग ने संज्ञान लिया है। पूरे मामले में जिलाधिकारी से जवाब मांगा है। यदि तय समय पर रिपोर्ट आयोग को नहीं भेजी जाएगी तो जिलाधिकारी को आयोग के सामने व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना होगा।

ये थी घटना
ठाकुरगंज स्थित निजी अस्पताल में वर्ष 2024 को सीतापुर के अटरिया दरियापुर गांव निवासी डेंगू पीड़ित विशाल पांडेय को भर्ती किया गया था। हालत गंभीर होने पर मरीज को वेंटिलेटर पर भर्ती किया गया था। परिजनों का आरोप था मौत के बाद मरीज को पांच दिन तक वेंटिलेटर पर भर्ती रखा गया। जबरन वार्ड में घुसने पर विशाल मृत पाया गया था। उसके शरीर से दुर्गंध आ रही थी। परिवारीजनों का आरोप है कि पैसे के लालच में लाश का इलाज करते रहे। पांच लाख रुपये की वसूली की थी। मौत के बाद इलाज का आरोप लगाते हुए परिवारीजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया था।

आयोग की कार्रवाई और जिलाधिकारी को समन
महाराष्ट्र के ठाणे निवासी शिकायतकर्ता आसिफ आबिद खान ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में परिजनों को इंसाफ दिलाने के लिए फरियाद की थी। आयोग ने मामले का संज्ञान लेते हुए चिकित्सा शिक्षा विभाग की प्रमुख सचिव वी हेकाली झिमोमी को जांच के निर्देश दिए हैं। आयोग ने 21 जनवरी 2025 को संज्ञान लेते हुए लखनऊ के जिलाधिकारी को आवश्यक आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद 22 अगस्त 2025 को पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट लखनऊ की आख्या आयोग को प्राप्त हुई। इसमें चिकित्सकीय विशेषज्ञ की राय मांगे जाने का जिक्र किया गया था। आयोग ने 30 जनवरी 2026 को जिलाधिकारी को दो सप्ताह के भीतर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। लेकिन आयोग को जवाब नहीं मिला। इस पर आयोग ने नाराजगी जताई। मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम के तहत जिलाधिकारी को समन जारी किया है। आयोग ने आख्या सहित जिलाधिकारी को 8 दिसंबर 2026 को सुबह 11 बजे नई दिल्ली स्थित आयोग के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया है। साथ ही कहा है कि यदि आख्या पहली दिसंबर तक उपलब्ध करा दी जाती है तो व्यक्तिगत उपस्थिति की आवश्यकता नहीं होगी।

Source: https://peoplesupdate.com/nhrc-notice-vit-bhopal-university-location-confusion-sehore-215303

VIT University Case: राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने UGC और उच्च शिक्षा विभाग को भेजा नोटिस

VIT University Case: राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने UGC और उच्च शिक्षा विभाग को भेजा नोटिस वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय के नाम और सीहोर जिले में स्थित उसके परिसर की लोकेशन को लेकर एनएसयूआई की शिकायत पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने यूजीसी और मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग को नोटिस जारी किया है। आयोग ने विश्वविद्यालय के नाम से विद्यार्थियों और अभिभावकों में संभावित भ्रम तथा परिसर में कथित अनधिकृत क्लिनिक और अशांति से जुड़ी शिकायतों पर जवाब मांगा है।

Publish Date: 23 Oct 2026, 9:56 PM (IST)

भोपाल। वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी) भोपाल विश्वविद्यालय से जुड़े मामले में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन की शिकायत पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) और मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग को नोटिस जारी किया है। बता दें, मामला भोपाल विश्वविद्यालय के नाम और उसके वास्तविक भौगोलिक स्थान सीहोर को लेकर जुड़ा है। मामले में आयोग ने चार सप्ताह के भीतर पुनः अतिरिक्त रिपोर्ट एवं कार्रवाई प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा है। रिपोर्ट प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 29 नवंबर 2026 दी गई है।

‘भोपाल’ शब्द का इस्तेमाल कर भ्रम
एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार द्वारा की गई शिकायत में आरोप लगाया गया है कि वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय अपने नाम में ‘भोपाल’ शब्द का इस्तेमाल कर विद्यार्थियों और अभिभावकों के मन में विश्वविद्यालय की लोकेशन को लेकर भ्रम पैदा कर रहा है, जबकि उसका मुख्य परिसर सीहोर जिले के कोठरी कलां में भोपाल-इंदौर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है। बाद में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को परेशानी होती है और वे खुद को ठगा हुआ महसूस करते हैं। रवि परमार ने मांग की है कि विश्वविद्यालय के नाम और वास्तविक लोकेशन के संबंध में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को स्पष्ट, सटीक और भ्रामकता से मुक्त जानकारी उपलब्ध कराई जाए। संगठन ने यह भी मांग की है कि परिसर में कथित अनधिकृत क्लिनिक के संचालन और अशांति से संबंधित शिकायतों की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा दोष पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

यूनिवर्सिटी की लोकेशन पर सवाल
आयोग ने सवाल उठाया कि विश्वविद्यालय के वैधानिक नाम और वास्तविक स्थान के बीच करीब 100 किलोमीटर की दूरी होने के बावजूद क्या विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के मन में लोकेशन को लेकर गलत धारणा बन सकती है। राज्य सरकार की रिपोर्ट में इस सवाल का स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया। शिकायत में विश्वविद्यालय परिसर में कथित अनधिकृत क्लिनिक संचालित होने और पूर्व में अशांति की घटनाओं के आरोप भी उठाए गए थे। आयोग ने कहा कि राज्य सरकार की रिपोर्ट में इन आरोपों की जांच के संबंध में कोई उल्लेख नहीं है।

यूजीसी की भूमिका पर भी टिप्पणी
राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने यह भी उल्लेख किया कि 30 मार्च 2026 और 5 जून 2026 को निर्देश जारी किए जाने के बावजूद विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की ओर से जवाब प्राप्त नहीं हुआ है। आयोग ने यूजीसी के अध्यक्ष को कथित भ्रामक नामकरण के संबंध में की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन चार सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है वहीं, मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव को भी मामले में अतिरिक्त रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने संबंधित अतिरिक्त एवं पूर्ण प्रतिवेदन 29 नवंबर 2026 तक प्रस्तुत करने को कहा है।

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/uttar-pradesh/lucknow-hospital-dead-patient-ventilator-five-days-five-lakh-rupees-nhrc-summons-sitapur-dm

लखनऊ में मौत के बाद भी 5 दिन वेंटिलेटर पर रहा मरीज! 5 लाख वसूलने का आरोप, NHRC ने DM को किया तलब
Author खुशी सिंह
Updated: Sat, 24 Oct 2026 06:56 AM (IST)

UP News: लखनऊ के एक निजी अस्पताल में मौत के बाद भी मरीज को वेंटिलेटर पर रखने और ₹5 लाख वसूलने का गंभीर आरोप लगा है. NHRC ने DM से मांगी रिपोर्ट.
UP News: उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है. ठाकुरगंज के एक निजी अस्पताल पर मरीज की मौत के बाद भी उसे पांच दिन तक वेंटिलेटर पर रखने और इलाज के नाम पर परिजनों से करीब 5 लाख रुपये वसूलने का आरोप लगा है. मामला सीतापुर निवासी विशाल पांडेय से जुड़ा है. परिजनों का दावा है कि जब वे वार्ड में पहुंचे तो विशाल की मौत हो चुकी थी और शव से दुर्गंध आ रही थी. शिकायत राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) तक पहुंचने के बाद अब सीतापुर के डीएम को समन जारी किया गया है. आयोग ने 8 दिसंबर को दिल्ली में पेश होने या उससे पहले जांच रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है.

गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती हुए थे विशाल पांडेय
सीतापुर जिले के अटरिया दरियापुर गांव निवासी विशाल पांडेय को 20 अक्टूबर 2024 को गंभीर हालत में लखनऊ के ठाकुरगंज स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था. हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने उन्हें वेंटिलेटर पर रखा. परिजनों का आरोप है कि इलाज के दौरान विशाल की मौत हो गई थी, लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने इसकी जानकारी परिवार को नहीं दी. इसके बजाय उन्हें करीब पांच दिन तक वेंटिलेटर पर रखकर इलाज जारी रहने की बात कही गई.

वार्ड में पहुंचे परिजन तो शव से आ रही थी दुर्गंध
परिजनों के मुताबिक, जब वे किसी तरह अस्पताल के वार्ड में पहुंचे तो विशाल को मृत पाया. परिवार का दावा है कि उनके शरीर से दुर्गंध भी आ रही थी. इसके बाद परिजनों को संदेह हुआ कि विशाल की मौत कई दिन पहले ही हो चुकी थी. आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन ने मौत की जानकारी छिपाकर वेंटिलेटर पर इलाज जारी रहने का दावा किया और इस दौरान परिवार से करीब 5 लाख रुपये वसूल लिए. हालांकि, इन आरोपों की पुष्टि अभी नहीं हुई है. जांच के बाद ही मौत के समय और अस्पताल की भूमिका को लेकर स्थिति स्पष्ट हो सकेगी.

ठाणे के परिचित ने NHRC से की शिकायत
मामला सामने आने के बाद विशाल पांडेय के परिचित महाराष्ट्र के ठाणे निवासी आसिफ आबिद खान ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में शिकायत दर्ज कराई. उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की. शिकायत पर संज्ञान लेते हुए आयोग ने 21 जनवरी 2025 को सीतापुर के जिलाधिकारी से आख्या मांगी थी. इसके बाद 22 अगस्त 2025 को पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट की आख्या आयोग को प्राप्त हुई. इसमें मामले की जांच के लिए चिकित्सकीय विशेषज्ञ की राय लेने का भी उल्लेख किया गया था.

दो सप्ताह में मांगी थी रिपोर्ट, जवाब नहीं मिलने पर समन
राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने 30 जनवरी 2026 को सीतापुर के डीएम को दो सप्ताह के भीतर मामले की जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था. हालांकि, निर्धारित समय में रिपोर्ट आयोग को नहीं मिली. इसे गंभीरता से लेते हुए आयोग ने मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत सीतापुर के जिलाधिकारी को समन जारी कर दिया. साथ ही चिकित्सा शिक्षा विभाग की प्रमुख सचिव वी. हेकाली झिमोमी को भी मामले की जांच के निर्देश दिए गए हैं.

8 दिसंबर को दिल्ली में पेश होने का निर्देश
राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने सीतापुर के डीएम को 8 दिसंबर की सुबह 11 बजे नई दिल्ली स्थित आयोग के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया है. हालांकि, आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि 1 दिसंबर तक मामले की आख्या उपलब्ध करा दी जाती है तो डीएम को व्यक्तिगत रूप से पेश होने की आवश्यकता नहीं होगी.

शिकायतकर्ता को कई बार भेजा गया पत्र

मामले की जांच के दौरान शिकायतकर्ता का बयान दर्ज कराने के लिए कई बार पत्र भेजे गए. उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, शिकायतकर्ता बयान दर्ज कराने के लिए उपस्थित नहीं हुआ. वहीं, संबंधित अधिकारियों से जांच रिपोर्ट मांगी गई है. आयोग के समक्ष रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि विशाल पांडेय की मौत कब हुई थी और क्या मौत के बाद भी उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया था.

जांच रिपोर्ट से खुलेगा पांच लाख की वसूली का सच

इस पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या अस्पताल ने मरीज की मौत के बाद भी इलाज जारी रहने की बात कहकर परिजनों से पैसे वसूले थे. परिवार ने करीब पांच लाख रुपये वसूलने का आरोप लगाया है. हालांकि, अस्पताल प्रबंधन का पक्ष अभी उपलब्ध नहीं है. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा है. अब जांच रिपोर्ट से ही स्पष्ट होगा कि परिजनों के आरोपों में कितनी सच्चाई है और यदि लापरवाही या अनियमितता सामने आती है तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है.